**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 2176**
**गुरुवार, 7 अगस्त, 2025/16 श्रावण, 1947 (शक)**

**एनसीएस पोर्टल**

**2176. श्री प्रमोद तिवारी:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार और 'स्विगी' प्लेटफॉर्म ने एक सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं;
(ख) यदि हाँ, तो सहमति ज्ञापन के मुख्य बिंदु क्या हैं; और
(ग) राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार में सुधार, कौशल विकास और परामर्श के लिए एक स्थायी समाधान बनाने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

**(**क) श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने अग्रणी फूड डिलीवरी और लॉजिस्टिक्स कंपनी स्विगी के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं जिससे राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल के माध्यम से गिग और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में रोजगार संबंधी लिंकेज सुदृढ़ हुए हैं।

(ख) इस समझौता ज्ञापन के तहत, स्विगी गिग और लॉजिस्टिक क्षेत्र में रोजगार के अवसरों को एनसीएस पोर्टल पर एकीकृत करेगा जिनमें डिलीवरी और सहायक भूमिकाएं भी शामिल हैं।

इस सहयोग से रोजगार चाहने वालों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और स्विगी को विविध, कुशल और रोजगार-तत्पर टैंलेट पूल मिलेगा।

(ग) राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों की जानकारी, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, रोजगार क्षमता वृद्धि कार्यक्रम आदि सहित करियर से संबंधित सेवाएं एक डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए वन-स्टॉप समाधान है।

इसके अलावा, एनसीएस पोर्टल के एक मॉड्यूल के माध्यम से अनुमोदित करियर परामर्शदाता पंजीकृत उपयोगकर्ताओं को ऑनलाइन/ऑफलाइन करियर परामर्श और व्यावसायिक मार्गदर्शन सेवाएं प्रदान करते हैं।

एनसीएस पोर्टल स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच) के साथ एकीकृत है जिसे नौकरियों और उद्यमशीलता के अवसरों हेतु एक ऑनलाइन प्रशिक्षण मंच के माध्यम से व्यक्तियों की स्किलिंग, रि-स्किलिंग और अप-स्किलिंग के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन और विकसित किया गया है। एनसीएस पोर्टल को एसआईडीएच के साथ एकीकृत करने से एसआईडीएच पर नौकरी चाहने वाले कुशल व्यक्तियों (रोजगार/बेरोजगार) के लिए एनसीएस पोर्टल का लाभ उठाने और नौकरी चाहने वालों (रोजगार/बेरोजगार) के लिए एसआईडीएच की कौशल सेवाओं का लाभ उठाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

*****